# क्रिप्टो परिसंपत्ति मध्यस्थों के बारे में FSB की चिंताएँ

**प्रिलिम्स के लिये:**

वित्तीय स्थिरता बोर्ड (FSB), क्रिप्टोकरेंसी, बिटकॉइन, एथेरियम, लाइटकॉइन

**मेन्स के लिये:**

वैश्विक वित्तीय प्रणाली की निगरानी में वित्तीय स्थिरता बोर्ड (FSB) का महत्त्व

स्रोत: द हिंदू

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **क्रिप्टो-परिसंपत्ति मध्यस्थों** पर वित्तीय स्थिरता बोर्ड (FSB) की नवीनतम रिपोर्ट में स्थानीय अधिकारियों के बीच **सीमा पार सहयोग** और **सूचना साझाकरण** को बढ़ाने के उपायों की मांग की गई है। इसका उद्देश्य विश्व स्तर पर संचालित **मल्टी-फंक्शन क्रिप्टो-एसेट इंटरमीडियरीज़ (MCI)** में अंतराल को कम कर प्रभावी ढंग से विनियमित करना है।

## क्रिप्टो एसेट/परिसंपत्तियाँ क्या हैं?

- क्रिप्टो परिसंपत्तियाँ मूल्य का एक डिजिटल प्रतिनिधित्व हैं जो इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्थानांतरित, संग्रहीत या व्यापार कर सकती हैं। इसमें अपूरणीय टोकन (NFT) भी शामिल हैं।
  - NFT ब्लॉकचेन-आधारित टोकन हैं जो प्रत्येक कला, डिजिटल सामग्री या मीडिया जैसी एक अनूठी संपत्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं। NFT को किसी दी गई संपत्ति के स्वामित्व और प्रामाणिकता का एक अपरिवर्तनीय डिजिटल प्रमाण-पत्र माना जा सकता है, चाहे वह डिजिटल हो या भौतिक।
- क्रिप्टो परिसंपत्तियाँ डिजिटल संपत्तियों का एक उप-समूह हैं जो डिजिटल डेटा की सुरक्षा के लिये **क्रिप्टोग्राफी** का उपयोग करती हैं और लेनदेन को रिकॉर्ड करने के लिये वितरित **लेज़र तकनीक** का उपयोग करती हैं।

## मल्टी-फंक्शन क्रिप्टो-एसेट इंटरमीडियरीज़ (MCI) क्या हैं?

- **MCI** एक व्यक्तिगत फर्म है या संबद्ध फर्मों का समूह है जो **क्रिप्टो-आधारित सेवाओं, उत्पादों** और **कार्यों की एक शृंखला** की पेशकश करता है जो मुख्य रूप से ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के संचालन पर आधारित हैं।
  - उदाहरणों में बिनेंस, बिटफिनेक्स और कॉइनबेस शामिल हैं।
- इन प्लेटफॉर्मों के लिये राजस्व का प्राथमिक स्रोत व्यापार-संबंधित गतिविधियों से उत्पन्न **संव्यवहार /लेनदेन शुल्क** है।
- ये MCI ब्लॉकचेन इन्फ्रास्ट्रक्चर के संचालन से भी राजस्व प्राप्त कर सकते हैं जिसके लिये वे लेनदेन सत्यापन शुल्क एकत्र कर सकते हैं।

## FSB की रिपोर्ट के अनुसार MCI से संबंधित चिंताएँ क्या हैं?

- **पारदर्शिता:** रिपोर्ट में पाया गया है कि अधिकांश **MCI** अमूमन अपने कॉर्पोरेट ढाँचे के बारे में **पारदर्शी नहीं** हैं। यदि वे जानकारी का खुलासा करते हैं तो यह आम तौर पर उनके व्यवसाय के एक छोटे से हिस्से के लिये होता है।
  - **MCI**, संव्यवहार गतिविधियों अथवा ऑडिट रिपोर्टों का स्पष्ट विवरण प्रदान करने में विफल रही।
- **प्रतिस्पर्द्धा-रोधी प्रवृत्ति:** एक ही स्थान पर सेवाओं का बड़ा संकेंद्रण होने से प्रतिस्पर्द्धा-रोधी व्यवहार हो सकता है, जिससे प्रणाली अधिक असुरक्षित हो सकती है।
  - यह एकाग्रता **नए प्रतिस्पर्धियों के लिये** बाज़ार में प्रवेश करना **कठिन** बना सकती है तथा उन उपयोगकर्त्ताओं के लिये लागत बढ़ा सकती है जो एक अलग सेवा प्रदाता पर स्विच करना चाहते हैं।
- **क्रिप्टो-अनुकूल बैंक:** क्रिप्टो परिसंपत्तियों के अनुकूल बैंकों को बंद करने से क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर निर्भर व्यवसायों से संबंधित जमा राशि का

एक गंभीर संकेंद्रण होने का व्यापक जोखिम उजागर होता है।
    - क्रिप्टो-परिसंपत्ति बाज़ारों में बाज़ार तनाव के कारण निवेशकों की काफी हानि हुई, जिससे इन बाज़ारों की विश्वसनीयता कम हो गई।
- **क्रिप्टोकरेंसी और फिएट करेंसी:** MCI संव्यवहार सेवाओं के लिये बैंकों तथा भुगतान प्रदाताओं पर निर्भर हैं, जिसमें **क्रिप्टोकरेंसी** एवं (ऑन-रैंप व ऑफ-रैंप सेवाओं) के बीच रूपांतरण भी शामिल है।
    - यदि ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म संचालन बंद कर देता है अथवा यदि बैंक **वास्तविक समय संचालन** की प्रस्तुति करने में विफल रहता है, तो प्रतिपक्ष मुद्दों का जोखिम उत्पन्न होता है।
    - इसके अतिरिक्त, बैंकों द्वारा एमसीआई को ऋण और क्रेडिट लाइनें प्रदान करने में क्रेडिट जोखिम शामिल होता है, खासकर क्रिप्टो-आधारित संपार्श्विक का उपयोग करते समय, जो भविष्य में मूल्य में गिरावट आ सकती है।

## वित्तीय स्थिरता बोर्ड (FSB) क्या है?

- **FSB** एक **अंतर्राष्ट्रीय संस्था** है जो **वैश्विक वित्तीय प्रणाली** की **निगरानी** करती है और उसके बारे में सिफारिशें करती है।
- **FSB** की स्थापना वर्ष **2009** में G20 के तत्वावधान में की गई थी।
- भारत **FSB** का एक सक्रिय सदस्य है, जिसके पूर्ण सत्र में **तीन सीटों** का प्रतिनिधित्व आर्थिक मामलों के सचिव, वित्त मंत्रालय, भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के उप-गवर्नर, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) के अध्यक्ष द्वारा किया जाता है।

## आगे की राह

- **अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और सूचना साझा करना:**
    - MCI के संचालन में कमियों को प्रभावी ढंग से विनियमित करने और संबोधित करने के लिये स्थानीय अधिकारियों के बीच सीमा पार सहयोग तथा सूचना साझाकरण को बढ़ावा देना।
    - सभी न्यायक्षेत्रों में MCI के संचालन की व्यापक समझ सुनिश्चित करने के लिये पारदर्शिता और रिपोर्टिंग के लिये अंतर्राष्ट्रीय मानक स्थापित करें।
- **विनियामक उपाय:**
    - MCI द्वारा उत्पन्न अद्वितीय चुनौतियों का समाधान करने, बाज़ार की अखंडता, निवेशक सुरक्षा और वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिये विशेष रूप से तैयार किये गए स्पष्ट नियामक ढाँचे को विकसित और कार्यान्वित करें।
- **कॉर्पोरेट पारदर्शिता:**
    - MCI को उनकी **कॉर्पोरेट संरचना**, व्यवसाय लाइनों और संचालन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करके **कॉर्पोरेट पारदर्शिता बढ़ाने** का आदेश दें।
    - पारदर्शिता मानकों का अनुपालन न करने पर दंडित करने के उपाय लागू करें, यह सुनिश्चित करें कि MCI व्यापक नियामक निरीक्षण के लिये प्रासंगिक जानकारी का खुलासा करें।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष प्रश्न

**प्रिलिम्स:**

**प्रश्न: 'वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद' (Financial Stability and Development Council) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1- यह नीति आयोग का एक अंग है।
2- संघ का वित्त मंत्री इसका प्रमुख होता है।
3- यह अर्थव्यवस्था के समष्टि सविवेक (मेक्रो-प्रूडेंशियल) पर्यवेक्षण का अनुवीक्षण (मॉनिटरिंग) करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/fsb-s-concerns-about-crypto-asset-intermediaries